हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 30 अक्तूबर 2024 समय 1810

- तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल पंप डीलरों को दी जाने वाले कमीशन में वृद्धि की घोषणा की है।
- भारतीय रेलवे त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर हज़ारों विशेष रेलगाड़ियां चलाई,हरियाणा से भी तीन विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को एकता दिवस की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि अर्पित की।
- हरियाणा में खरीफ फसलों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जारी,किसानों को अब तक धान एवं बाजरे के 9 हजार 810 करोड़ रुपये बाजरा के अदा किए गए।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दीपावली की शुभकामनाएं दी।
- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से पराली न जलाने की अपील की।

तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल पंप डीलरों को देय कमीशन में वृद्धि की घोषणा की है। साथ ही पेट्रोल और डीजल डिपो से दूर दूरदराज के स्थानों पर उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए अंतर-राज्य माल ढुलाई को तर्क संगत बनाने के निर्णय की भी घोषणा की गई है।केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तेल विपणन कंपनियों के इस निर्णय का स्वागत किया है, जिसके परिणामस्वरूप देश के कई हिस्सों में पेट्रोल-डीजल सस्ते हो जाएगे। चुनाव वाले राज्यों और निर्वाचन क्षेत्रों में यह निर्णय बाद में लागू होगा। श्री पुरी ने कहा कि यह फेसला दूर-दराज के इलाकों को भी नागरिकों की सुविधाओं के मामले में देश के बाकी हिस्सों के बराबर लाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाता है।पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों से लंबित इस मांग के पूरा होने से पेट्रोल पंप डीलरों और देश भर के 83 हजार से अधिक पेट्रोल पंपों पर काम करने वाले लगभग 10 लाख कर्मचारियों को लाभ होगा ।श्री पुरी ने कहा कि इन ऐतिहासिक फैसलों का मार्ग मोदी सरकार और सभी पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशनों द्वारा अपनाए गए सकारात्मक

दृष्टिकोण से प्रशस्त हुआ। जो पिछले कुछ महीनों के दौरान बैठकों में एक साथ आए और विपणन से संबंधित सभी लंबित अदालती मामलों को वापस लेने पर सहमति व्यक्त की।

भारतीय रेलवे त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर हज़ारों विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष ाई हज़ार अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई हैं।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा में भी पहली से तीस नवंबर तक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। इन में जयपुर भिवानी-जयपुर, रेवाड़ी रींगज़ रेवाड़ी और हिसार पुणे विशेष रेलगाड़ियां शामिल हैं।जयपुर भिवानी जयपुर रेलगाड़ी जयपुर से सुबह 7 बजे रवाना होकर बाद दोपहर 2 बजकर, 20 मिनट पर भिवानी पहुंचेगी और फिर भिवानी से शाम 4 बजकर, 5 मिनट पर जयपुर के लिए रवाना होगी। इसी तरह रेवाड़ी रींगज़ रेवाड़ी, रेवाड़ी से सुबह 11 बजकर, 40 मिनट पर रवाना होगी और 2 बजकर, 20 मिनट पर रींगज़ पहुंचेगी, वहां से रेवाड़ी के लिए यह गाड़ी 3 बजे रवाना होगी। इसके अलावा हिसार पुणे विशेष रेलगाड़ी 3 नवंबर को हिसार से शाम 5 बजकर,50 मिनट पर पुणे के लिए रवाना होगी और अगले दिन साढ़े 11 बजे पुणे पहुंचेगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के प्रथम गृह मंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। सरदार पटेल को नमन करते हुए उन्होंने सिविल सेवकों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय एकता दिवस पर यह संकल्प लें कि हरियाणा के लोगों की जो भी अपेक्षाएं हैं, उन पर खरा उतरेंगे व उनकी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए हरियाणा को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम करेंगे।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित शपथ समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल उच्च कोटि के राजनेता और प्रशासक थे। उन्होंने आजादी के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का अतुलनीय कार्य किया।

सरदार पटेल ने अपनी सूझबूझ से 562 रियासतों का एकीकरण अखंड भारत का निर्माण किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला नागरिक अस्पताल में पैथोलॉजी, डर्मेटोलॉजी , मनोचिकित्सा और अस्पताल प्रशासन में डी एन बी डिग्री कार्यक्रम शुरू करने को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसका उद्देश्य हरियाणा में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी को दूर करना और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाना है।वर्तमान में, हरियाणा के 12 अस्पतालों में विभिन्न चिकित्सा विशिष्टताओं में सात डिग्री और आठ डिप्लोमा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित हैं, जिनमें कुल 81 सीटें हैं और 50 प्रतिशत सीटें राज्य के सेवारत चिकित्सकों के लिए आरक्षित हैं।उन्होंने कहा कि इससे हरियाणा के लोगों के लिए विशेष सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होंगे तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियमों और पाठ्यक्रम मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

हरियाणा में खरीफ फसलों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। फसल खरीद के लिए किसानों को समय पर भुगतान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। धान व बाजरा की 9 हजार 810 करोड़ रुपये से अधिक की अदायगी सीधे किसानों के बैंक खातों में की गई है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए मंडियों से धान का निरंतर उठान भी किया जा रहा है। सभी वरिष्ठ अधिकारी पूरी खरीद प्रक्रिया पर निगरानी रख रहे हैं।उन्होंने बताया कि अब तक मंडियों में 47 लाख हजार टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 45 लाख 76 हजार 822 टन धान की खरीद कर ली गई है। वहीं, मंडियों में अब तक 4 लाख 42 हजार 759 टन बाजरा की आवक भी हुई है, जिसमें से 4 लाख 33 हजार 21 टन बाजरा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद लिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि अब तक कुरुक्षेत्र में सर्वाधिक 9 लाख 66 हजार 195 टन धान की खरीद हुई है। वहीं, करनाल 8 लाख 9 हजार

770 टन धान की खरीद के साथ दूसरे स्थान और कैथल 7 लाख 90 हजार 245 टन धान की खरीद के साथ तृतीय स्थान पर है।उन्होंने बताया कि किसानों को धान के लिए 8 हजार 880 करोड़ रुपये तथा बाजरा के लिए 930 करोड़ रुपये अदा कर दिए गए है।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दीपावली के पावन अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं । श्री दत्तात्रेय ने इस त्यौहार को प्रकाश,आनंद और सद्‌भाव का उत्सव बताते हुए कहा कि दिवाली सभी समुदायों को प्रेम, करुणा और एकता के सूत्र में पिरोती है।राज्यपाल ने सभी से शांति, भाईचारे और एकजुटता के मूल्यों का सम्मान करते हुए खुशी के इस त्योहार को मनाने की अपील की है। राज्यपाल ने नागरिकों से पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ जिम्मेदारी से त्योहार मनाने और वंचितों की देखभाल के महत्व को याद रखने का आग्रह भी किया है । उन्होंने कामना की है कि दिवाली का प्रकाश सभी को समृद्‌ध और समावेशी भविष्य की ओर ले जाए और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करे।

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से पराली न जलाने की अपील की है वह आज करनाल के अंजनथली गांव में किसानों के खेतों में जाकर फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी ले रहे थे।मीडिया से बातचीत में श्री श्याम सिंह राणा ने सभी किसानों और प्रदेशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दी और कहा कि खेतों के रास्ते किसानों के लिए मुख्य मार्ग की तरह है, हरियाणा के खेतों के सभी रास्तों को पक्का किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हैप्पी सीडर पर किसानों के लिए सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है।कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को पहले कांग्रेस

शासित राज्यों में जाकर देखना चाहिए कि क्या वहां न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।